# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड
An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
वेबसाइट: www.bsbccl.bihar.gov.in

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.
An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
(A Government of Bihar Undertaking)
Website: www.bsbccl.bihar.gov.in

BSBCCL
Build Green, Live Green!
CIN: U45200BR2008SGC013513

पत्रांक:-बी0एस0बी0सी0सी0एल0-207/2016(प्रशासन)-2 दिनांक-

**कार्यालय आदेश संख्या-...40......./2022**

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के शास्त्री नगर स्थित मुख्यालय भवन में भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, पटना का कार्यालय संचालन हेतु उनके अनुरोध के आधार पर पूर्व से आवंटित स्थल के अतिरिक्त निम्न भाग/अंश आवंटित किया जाता है।

| क्र0सं0 | आवंटन स्थल का ब्यौरा | क्षेत्रफल (वर्गफुट) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 का ब्लॉक-2 का पंचम तल | 1937.50 |
| 2. | बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 का ब्लॉक-2 का तृतीय तल | 625.00 |
| 3. | बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 का मुख्य ब्लॉक चतुर्थ तल | 4175.00 |
| | कुल | 6737.50 |

निगम के निदेशक पर्षद की 36वी बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में CPWD के मानदंड के अनुसार भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, पटना को कार्यालय संचालन हेतु आवंटित किए गए निगम मुख्यालय भवन के उक्त भाग/अंश के लिए मासिक किराया रू 64.42 (चौसठ रूपया बियालिस पैसे मात्र) प्रति वर्गफीट (जी0एस0टी0 सहित) की दर से निर्धारित की जाती है। बिजली आपूर्ति/डी0जी0 सेट अन्य व्यय का भुगतान अलग से करना होगा।

भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, पटना द्वारा उक्त आवंटित स्थल का उपयोग केवल कार्यालय प्रयोग हेतु किया जाएगा। आवंटित स्थल के संरचना में बिना पूर्वानूमति कोई भी बदलाव नहीं किया जाएगा।

भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, पटना द्वारा उक्त निर्धारित दर पर आवंटित भाग का किराया प्रभार ग्रहण की तिथि से देय होगा। इसके लिए दोनों पक्षों यथा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना एवं भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, पटना के बीच एकरारनामा करने हेतु प्रथम पक्ष (Lessor) निगम की ओर से मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को प्राधिकृत किया जाता है। स्थल का प्रभार ग्रहण एक सप्ताह के भीतर नहीं किए जाने पर माना जाएगा कि द्वितीय पक्ष आवंटित स्थल के लिए सहमत नहीं है तथा उस आवंटन को रद्द किया जा सकेगा।

ह0/-
प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक:- बी0एस0बी0सी0सी0एल0-207/2016(प्रशासन)-2 दिनांक-

प्रतिलिपि:-अध्यक्ष, भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना/प्रधान सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग/सचिव, भवन निर्माण विभाग,पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन, पटना/प्रभारी निदेशक, पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार/भू-सम्पदा पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
(प्रबंध निदेशक)

ज्ञापांक:- बी0एस0बी0सी0सी0एल0-207/2016(प्रशासन)-2 4312 दिनांक- 31/12/22

प्रतिलिपि:-मुख्य महाप्रबंधक/सभी महाप्रबंधक/कम्पनी सचिव/वरीय वास्तुविद्/उप महाप्रबंधक (विद्युत) एवं उप महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना/परियोजना प्रबंधक एवं आई0 टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/12/22

(प्रबंध निदेशक)